हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार 27 मार्च 2026

13 अनाजमंडी में पहुंचने लगी सरसों व जौ की फसल



14 बेरी मेले में महायज्ञ में सैकड़ों ने आहुति डाली



**खबर संक्षेप**

## छुड़ानी में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आज



**बहादुरगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक माह आयोजित किए जाने वाले रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को खंड बहादुरगढ़ के गांव छुड़ानी स्थित बाबा हरिदास मंदिर परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त स्वप्निल रविन्द्र पाटिल करेंगे। एसडीएम अभिनव सिवाच ने बताया कि डीसी ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश देंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन को गांव स्तर तक पहुंचाकर आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निवारण करना है। एसडीएम ने बताया कि इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## बेरी में बिजली अदालत में आज सुनेंगे समस्याएं

**झज्जर।** शुक्रवार को बेरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं की बिजली एवं बिल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए बिजली अदालत और उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बेरी कार्यालय में संपन्न होगी। एसडीओ सुनील कुमार ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता निगम के कार्यकारी अभियंता और उपमंडल अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। इस दौरान उपभोक्ताओं की बिजली एवं बिल से संबंधित सभी शिकायतें मौके पर ही सुनी जाएंगी और समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई उपभोक्ता कार्यकारी अभियंता बेरी द्वारा किए गए निर्णय से संतुष्ट नहीं है, तो वह अपनी शिकायत अध्यक्ष, अभियंता यूएचबीवीएन के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है।

## बंद कमरे में युवक ने लगाया फंदा

**बहादुरगढ़।** छोटूराम नगर में एक युवक की फांसी लगाने से मौत हो गई। बंद कमरे में उसका शव मिला। मानसिक तनाव के चलते फंदा लगाने की बात सामने आई है। मृतक की पहचान करीब 23 वर्षीय विवेक के रूप में हुई है। मूल रूप से उत्तरप्रदेश के लखीमपुर खीरी का रहने वाला था। पिछले कुछ समय से यहां छोटूराम नगर में रह रहा था और मेहनत मजदूरी करता था। बुधवार को उसके कमरे की कुंडी अंदर से बंद थी। काफी देर तक भी दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को शंका हुई। इसके बाद कुंडी और दरवाजा तोड़ा गया। अंदर देखा तो विवेक फंदे पर लटका हुआ था। उसकी सांस थमी हुई थी। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### गैस के दाम बढ़ने व कमी होने पर औद्योगिक संगठन बीसीसीआई ने पीएम को लिखा पत्र

# पीएनजी के रेट 6 रुपये बढ़े, उद्योगों को झटका

**पीएनजी का बेस रेट 57.92 से बढ़ाकर 63.92 रुपये किया, 50% सप्लाई 89.90 के रेट पर**

**दिल्ली, फरीदाबाद व कुंडली में तो 25 मार्च तक पीएनजी के रेट में वृद्धि नहीं हुई : छिकारा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एक तरफ जहां एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर संकट बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर पीएनजी गैस की बढ़ी कीमतों ने औद्योगिक संगठनों की चिंता बढ़ा दी है। लगातार बढ़ती लागत के कारण उद्योगों पर दोहरी मार पड़ रही है, जिससे उत्पादन और संचालन प्रभावित हो रहा है। इसीलिए बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित केंद्र और राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है।

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष नरेंद्र छिकारा ने बताया गया है कि बहादुरगढ़ में 9 हजार से अधिक उद्योग संचालित हैं और करीब 4 लाख लोगों को रोजगार मिलता है। देश के गैर-लेदर फुटवियर उत्पादन में बहादुरगढ़ अहम योगदान देता है। उनके अनुसार 10 मार्च को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के आदेश के बाद औद्योगिक इकाइयों को गैस आपूर्ति में कटौती कर दी गई है। वर्तमान में गैस सप्लाई को 772.7 एचसीएम प्रतिदिन तक सीमित कर दिया गया है, जबकि अतिरिक्त खपत पर भारी शुल्क वसूला जा रहा है। दिल्ली, फरीदाबाद व कुंडली आदि आसपास के क्षेत्रों में 25 मार्च तक पीएनजी गैस की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है, जबकि बहादुरगढ़ में हरियाणा सिटी गैस लिमिटेड द्वारा कीमतों में भारी बढ़ोतरी की गई है। बेस रेट 57.92 से बढ़ाकर 63.92 रुपये कर दिया गया है, जबकि 50 प्रतिशत सप्लाई 89.90 के रेट पर दी जा रही है। उद्योगपतियों का कहना है कि इस अचानक बढ़ोतरी से उत्पादन लागत बढ़ रही है, जिससे कारोबार पर सीधा असर पड़ रहा है। कई खरीदार बढ़ी हुई कीमतों पर उत्पाद लेने से इनकार कर रहे हैं, जिससे उद्योगों पर वित्तीय दबाव और बढ़ गया है। यदि स्थिति में जल्द सुधार नहीं हुआ तो उत्पादन में कमी, रोजगार में गिरावट और क्षेत्रीय आर्थिक मंदी की आशंका जताई जा रही है। बीसीसीआई अध्यक्ष सुभाष जग्गा व उपाध्यक्ष विकास आनंद सोनी ने सरकार से मांग की है कि बहादुरगढ़ में पीएनजी गैस की कीमतों की समीक्षा की जाए, पारदर्शिता लाई जाए और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों के समान दरें लागू की जाएं, ताकि स्थानीय उद्योगों को नुकसान से बचाया जा सके।



**बहादुरगढ़।** एजेंसी पर गैस सिलेंडरों की जांच करते एसडीएम अभिनव सिवाच।

### छापेमारी में 191 सिलेंडर कम मिले

घरेलू रसोई गैस की कालाबाजारी संबंधी शिकायतों के बीच एसडीएम अभिनव सिवाच द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम के साथ विभिन्न गैस एजेंसियों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। दुल्हेड़ा में स्थित देशवाल एचपी गैस ग्रामीण एजेंसी पर छापेमारी की। वहां स्टॉक रिकॉर्ड से अधिक 3 कमर्शियल गैस सिलेंडर और 191 घरेलू सिलेंडर स्टॉक से कम पाए गए। नियमों के उल्लंघन पर इन सिलेंडरों को खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा मौके पर ही जब्त कर लिया गया।

### उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंच रहा बुक करवाया सिलेंडर, बीच रास्ते से गायब

**बहादुरगढ़।** घरेलू गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था में केवल भीड़ का माहौल ही समस्या नहीं है, बल्कि उपभोक्ताओं को बुकिंग खामी का भी सामना करना पड़ रहा है। लोगों के मन में तरह-तरह की आशंका पैदा हो रही हैं। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उनके सिलेंडर बिना बुक किए ही डिलीवर दिखाए जा रहे हैं। कुछ उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले तो ऑनलाइन बुकिंग ही नहीं हो रही थी। अब यदि किसी बुकिंग हो जाती है तो पता चलता है कि उनके नाम का सिलेंडर पहले ही बुक और डिलीवर हो चुका है। शहर की निवासी एक महिला ने बताया कि वीरवार को उन्होंने बुकिंग का प्रयास किया तो पता चला कि 23 मार्च को उनका सिलेंडर बुक हुआ और उसी दिन डिलीवर हो गया। अब अगली बुकिंग की तारीख 18 अप्रैल बता रहा है। जबकि बीते दो महीने से तो हमने कोई सिलेंडर लिया ही नहीं। एजेंसी में बात की तो कोई संतुष्टिजनक जवाब नहीं मिला। जाखोदा के निवासी वीरेश के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। ऑनलाइन चेक किया तो कई दिन पहले ही सिलेंडर बुक दर्शाया गया। मनोज, सुशील, प्रवीण, अमित, राकेश सहित कई अन्य लोगों ने भी इस तरह की शिकायतें की हैं।

आशीष ने कहा कि यह हैरानी भरी बात है कि जब हमने सिलेंडर बुक ही नहीं कराया तो हमारे नाम से कैसे बुक हो रहा है। ओटीपी व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। एडवोकेट नवीन ने कहा कि गैस एजेंसी पर घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद जब लोग काउंटर तक पहुंचते हैं तो उन्हें बताया जाता है कि उनके खाते पर सिलेंडर पहले ही लिया जा चुका है। जब पूछते हैं कि उनके नाम पर सिलेंडर आखिर किसने लिया, तो इसका साफ जवाब किसी के पास नहीं होता।

### डीसी का दावा-कोई दिक्कत नहीं

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह से सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारी लगातार फील्ड में निगरानी रख रहे हैं ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और पैनिक बुकिंग न करें। उन्होंने कहा कि गैस की कालाबाजारी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कटरा एक्सप्रेस-वे पर ट्रक व कार की टक्कर में 4 घायल

**बहादुरगढ़।** जम्मू-कटरा एक्सप्रेस-वे पर आसौदा थाना क्षेत्र में ट्रक और कार की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। देर शाम तक घायलों के बयान दर्ज नहीं हो सके थे। बयान के बाद आसौदा थाना पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई करेगी।

- ट्रक तमिलनाडु जा रहा था, आई-10 कार में सवार लोगों को नरवाना जाना था

हादसा वीरवार की सुबह करीब 9 बजे हुआ। जानकारी के मुताबिक, एक ट्रक तमिलनाडु जा रहा था, जबकि आई-10 कार में सवार लोगों को नरवाना जाना था। जैसे ही निलोठी के निकट पहुंचे तो कार और ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई और उसमें सवार यूपी के निवासी फरहान, शहजाद, अब्दुल व एक अन्य युवक घायल हो गया। राहगीरों ने इनको संभाला और नागरिक अस्पताल लेकर गए। प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एक टीम पीजीआई में घायलों के बयान लेने पहुंची। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, ये जांच का विषय है। घायलों के बयान के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## 100 सीसीटीवी की निगरानी में रहा भीमेश्वरी देवी मेला परिसर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

धर्मनगरी बेरी स्थित माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में आयोजित नवरात्र मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माथा टेक अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। अष्टमी के दिन मुख्य नवरात्र मेला संपन्न होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली है। शांतिपूर्वक मेला संपन्न कराने के लिए जहां प्रशासनिक स्तर पर एक सौ सीसीटीवी लगाए गए थे, वहीं पुलिस के स्तर पर 750 जवानों को तैनात किया गया था। अष्टमी के दिन अलसुबह से ही माता भीमेश्वरी देवी श्राइन बोर्ड की सीईओ एवं एसडीएम बेरी रेणुका नांदल, एसीपी अनिरुद्ध चौहान,बीडीपीओ राजा राम, नपा सचिव पूजा साहू मंदिर परिसर में मौजूद रहे और लगातार मेले की मॉनिटरिंग की।

## किसान चौक के पास पार्किंग से स्कॉर्पियो चोरी

**बहादुरगढ़।** दिल्ली-रोहतक रोड पर किसान चौक के निकट स्थित एक रेस्टोरेंट की पार्किंग से स्कार्पियो गाड़ी चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

**ढाणी रेस्टोरेंट पर खाना खाने के लिए रुका था दिल्ली के खेड़ा खुर्द का युवक**

पुलिस को दी शिकायत में दिल्ली खेड़ा खुर्द के निवासी कपिल मान का कहना है कि बुधवार को वह भैंसरू गांव से लौट रहा था। किसान चौक पर खाना खाने के लिए देशी ढाणी रेस्टोरेंट पर रुक गया। रेस्टोरेंट के साथ पार्किंग में गाड़ी लगा दी। करीब डेढ़ घंटे बाद दस बजे जब बाहर निकला तो गाड़ी नजर नहीं आई। इसके बाद गार्ड व अन्य लोगों से पूछताछ की लेकिन कुछ पता नहीं चला। कोई अज्ञात गाड़ी चुरा ले गया है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, आसौदा पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

## मांडोठी में मकान में घुसकर मारपीट वाहन भी तोड़े, दोनों गुटों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव मांडोठी में दो युवकों के बीच हुए झगड़े ने गंभीर रूप ले लिया। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर घर में घुसकर डंडों, पिस्तौल के बल पर मारपीट करने, वाहन व घरेलू सामन को तोड़ने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतों के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों के खिलाफ नामजद व अज्ञात पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

मांडोठी के निवासी राजेश का कहना है कि 22 मार्च को पड़ोसी सोमबीर के लड़के रवि के साथ मेरे भतीजे हिमांशु की कहासुनी हो गई थी। इसके बाद सोमबीर हमारे घर आया तो हमने अपने भतीजे की गलती मान ली। उसी रात करीब आठ बजे रवि ने हिमांशु को फोन कर घर से बाहर बुला लिया। जैसे ही बाहर गया तो उसके साथ मारपीट करने लगे। हिमांशु घर के अंदर आया तो आरोपी परिवार के सदस्य सहित अन्य दर्जनभर लोग भी डंडे लेकर अंदर घुस आए। उन्होंने मेरी पत्नी व बच्चों के साथ मारपीट की। पुलिस को सूचना दी तो वे जान से मारने की धमकी देकर बाहर निकले। एक युवक के हाथ में पिस्टल थी। हमारे गेट व घर पर मत्थर मारकर शीशे तोड़ दिए गए। मुझे इस हमले में काफी चोट आई। अब तबीयत में सुधार आने पर शिकायत दी है।

### दूसरे पक्ष ने यह लगाया आरोप

दूसरे पक्ष के सोमबीर का कहना है कि 22 मार्च को राजेश के परिवार के सदस्यों के साथ हमारा झगड़ा हुआ। झगड़े के बाद हम अपने घर में आकर सो गए। रात करीब साढ़े दस बजे संजय का लड़का हिमांशु, परिवार के सदस्य सहित कई अज्ञात गाड़ी लेकर आए। उनके हाथों में डंडे व बिट्टे थे। आते ही मेरी कार को क्षतिग्रस्त किया। फिर दीवार कूदकर घर में घुसे और ड्राइविंग रूम में एलईडी, टेबल तथा गैलरी में खड़ी स्कूटी क्षतिग्रत की। हम सभी ने कमरे का दरवाजा बंद कर अपनी जान बचाई। फिर धमकी देकर चले गए। हमें आरोपियों से जान का खतरा है।

## सेक्टर-7 में पुलिस कर्मी के बंद मकान से जेवर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सेक्टर-7 स्थित एक मकान में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया और आभूषणों पर हाथ साफ कर गए। परिवार जब घर लौटा तो वारदात का पता चला। शिकायतकर्ता सुमन दिल्ली पुलिसकर्मी है। उसने कहा है कि वह अपने पति सहित रोहतक कुआं पूजन कार्यक्रम में गई थी। पीछे से मकान बंद था। जब वापस लौटे तो दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ था। अंदर सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर सोने के टॉप्स, ओउम, अंगूठी, चार जोड़ी पायल, दो चांदी की अंगूठी व दो हजार रुपये गायब थे। उधर, सूचना पाकर सेक्टर 6 थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इस संबंध में सेक्टर 6 थाने में केस दर्ज किया गया है।

## वार्ड 12 में सरकारी जमीन पर कब्जे का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के वार्ड नंबर-12 में सरकारी जमीन पर कब्जे का एक प्रयास नगर परिषद ने विफल कर दिया। जानकारी के अनुसार सैनीपुरा और सेक्टर-9 के बीच नगर परिषद की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा जेसीबी मशीन से जमीन की नींव खोदकर कब्जा करने का प्रयास किया गया। सूचना मिलते ही नगर परिषद के कर्मचारी व अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और कार्य को रुकवा दिया। बताया जा रहा है कि इस जमीन पर नगर परिषद द्वारा दिव्यांग पार्क बनाने की योजना है। स्थानीय निवासियों ने नगर प्रशासन से इस जमीन पर जल्द से जल्द दिव्यांग पार्क का निर्माण शुरू करने की मांग की है।



**बहादुरगढ़।** विवादित भूमि पर जेसीबी से हो रही खुदाई।

## पत्नी का रास्ता रोकने का विरोध किया तो पड़ोसी ने मारपीट की

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव बिरड़ माजरा में एक व्यक्ति द्वारा अपने पड़ोसी पर जेली से वार करके घायल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित समुंद्र सिंह ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसकी पत्नी बीती 23 मार्च को जब प्लाट में उपले लेने गई थी तो उसके पड़ोसी सोनू ने उसकी पत्नी का रास्ता रोकते हुए उससे गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दी। समुंद्र सिंह के अनुसार इसके बाद जब उसकी पत्नी ने उसे घटना की जानकारी दी और वह उसे समझाने पहुंचा तो सोनू ने जेली से उसके पैर व अन्य जगहों पर वार किया। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने उसके माता-पिता के साथ भी मारपीट की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### फार्म-6 नहीं भरने वाले स्कूल फीस या अन्य शुल्क नहीं बढ़ा पाएंगे

# 366 में से केवल 39 स्कूलों ने भरा फार्म-6, 31 मार्च तक मौका

> पहले जनवरी के अंत तक मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों से फार्म-6 भरवा लिया जाता था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शिक्षा निदेशालय ने मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को फार्म-6 भरने के निर्देश दिए हैं। निदेशालय के आदेशों के अनुसार मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को 31 मार्च तक फॉर्म-6 भरना होगा। अब तक जिले के 366 स्कूलों में से 39 स्कूलों ने ही फार्म-6 भरा है। अगर स्कूल संचालक फार्म-6 के माध्यम से स्कूल संबंधी जानकारी नहीं देते हैं, तो वे नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में फीस सहित अन्य शुल्क नहीं बढ़ा पाएंगे।

बता दें कि निजी स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया पिछले कई दिनों से चल रही है, जबकि कई स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया पूरी भी हो चुकी है। बीते वर्षों में जनवरी माह के अंत तक मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों से फार्म-6 भरवा लिया जाता था, लेकिन इस बार शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों को 31 मार्च तक समय दिया है। सभी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को विभाग की वेबसाइट पर दिए गए लिंक के जरिए यह फॉर्म ऑनलाइन भरना अनिवार्य है।

### फीस व वेतन संबंधी देनी होती है जानकारी




फार्म 6 में स्कूल के मुखिया का नाम, फोन नंबर, ई-मेल आईडी, स्कूल का कोड, स्कूल की प्रबंधन समिति व ट्रस्ट का नाम भरा जाना है। स्कूल के अपग्रेड होने तथा मान्यता की प्रति संलग्न की जानी है। विद्यार्थियों से ली जाने वाली फीस और शिक्षकों व गैर शैक्षिक स्टाफ को दिए जाने वाले वेतन के बारे में जानकारी देनी होगी। इसके साथ ही परिवहन, बोर्डिंग, भोजनालय या भोजन-कक्ष, अध्ययन-भ्रमण समेत अन्य जानकारी देनी होगी।

### फार्म 6 नहीं भरने वाले निजी स्कूलों का एमआईएस पोर्टल कर देंगे बंद



जिला शिक्षा अधिकारी रतिंद्र सिंह ने बताया कि फार्म-6 नहीं भरने वाले मान्यता प्राप्त निजी स्कूल फीस नहीं बढ़ा सकेंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जितनी फीस फार्म-6 में भरी जाए, स्कूल उतनी ही फीस विद्यार्थियों से लें। इससे अधिक फीस वसूलने पर उनके खिलाफ शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।



जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक ने बताया कि फार्म-6 भरने की अंतिम तिथि 31 मार्च है। अब तक जिले के 366 स्कूलों में से 39 स्कूलों ने ही फार्म-6 भरा है। स्कूल प्रमुख फार्म 6 भरने से पहले पोर्टल पर उपलब्ध सभी शिक्षा निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। फार्म-6 जमा करने में विफल रहने वाले स्कूल का एमआईएस पोर्टल तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया जाएगा।

### कलेक्टर रेट पर नहीं हो रही रजिस्ट्री

## 11 लाख की कम स्टॉम्प ड्यूटी जमा होने पर एसडीएम सख्त

- निर्धारित अवधि के भीतर राशि जमा नहीं कराई तो नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एसडीएम एवं कलेक्टर अभिनव सिवाच ने कई रजिस्ट्री मामलों में कलेक्टर रेट से कम स्टॉम्प ड्यूटी जमा कराने के मामले में कड़ा संज्ञान लिया है। जांच के दौरान सामने आया कि कई सेल डीड रजिस्ट्रेशन में निर्धारित कलेक्टर दरों के अनुरूप स्टॉम्प शुल्क का पूर्ण भुगतान नहीं किया गया, जिससे सरकार राजस्व को नुकसान पहुंचा। मामलों की विस्तृत समीक्षा के उपरांत एसडीएम ने 11 लाख, 2 हजार 67 रुपये की बकाया स्टॉम्प ड्यूटी निर्धारित समयावधि में जमा कराने के आदेश जारी किए हैं।

निर्धारित अवधि के भीतर राशि जमा नहीं कराई गई तो नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि स्टॉम्प ड्यूटी संबंधी अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी रजिस्ट्री मामलों में कलेक्टर रेट के अनुसार ही शुल्क की वसूली सुनिश्चित की जाएगी।



रोचक / शिखर चंद जैन

# मूर्ख बनाने वाले ये पशु-पक्षी

बच्चो, इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी मूर्ख बनाने में पीछे नहीं होते। ये इतनी चालाकी से मूर्ख बनाते हैं कि कुछ आभास ही नहीं होता। पशु-पक्षी कभी अपने फायदे के लिए, कभी शिकार करने के लिए तो कभी अपनी जान बचाने के लिए दूसरे जंतुओं को मूर्ख बनाते हैं। अप्रैल फूल-डे के मौके पर हम तुम्हें मूर्ख बनाने वाले कुछ पशु-पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

## कोयल कौवे को बनाती है मूर्ख

**मादा कोयल** बड़ी चतुर होती है। वह खुद घोंसला नहीं बनाती, चुपके से जाकर कौवे के घोंसले में अंडे दे आती है। चतुर कहलाने वाला कौवा, कोयल के इस कारनामे के आगे मात खा जाता है। कौवा, कोयल के अंडों को अपने अंडे समझकर सेता है, उसकी देखभाल करता है। दरअसल, कोयल के अंडे भी आकार और प्रकार में बिल्कुल कौवे के अंडे जैसे दिखते हैं। इस तरह कोयल, कौए को 'मूर्ख' बनाकर अपने अंडों की देखभाल करवा लेती है। *

## किलडियर ड्रामेबाजी में माहिर



**किलडियर मुख्य** रूप से उत्तरी, मध्य और दक्षिणी अमेरिका के खुले, घास वाले मैदानों, खेतों, गोल्फ कोर्स और जल निकायों के किनारे पाए जाते हैं। ये कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कैरिबियन कंट्रीज में भी बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। यह प्लोवर प्रजाति का एक तटीय पक्षी है, जो जमीनी इलाकों में रहता है। जब कोई शिकारी, जैसे- कुत्ता, लोमड़ी या इंसान इसके जमीनी घोंसले के करीब आता है, तो मादा या नर किलडियर घोंसले से दूर जाकर जमीन पर लेट जाता है। यह अपने पंख को इस तरह फैलाता और फड़फड़ाता है, जैसे कि पंख टूट गया हो। यही नहीं ड्रामेबाज किलडियर लंगड़ाकर चलने लगता है और दर्द भरी आवाजें भी निकालने लगता है। यह सब देखकर शिकारी को लगता है कि यह पक्षी घायल हो गया है, इसे पकड़ना आसान है। जैसे ही शिकारी, इस पक्षी का पीछा करते हुए घोंसले से काफी दूर चला जाता है, किलडियर फुर्र से उड़ जाता है। कभी-कभी तो ये चतुर पक्षी शिकारी को भ्रमित करने के लिए किसी खाली जगह पर ऐसे बैठ जाता है, जैसे वहां उसका घोंसला हो, ताकि असली घोंसला सुरक्षित रहे। *

## ऑक्टोपस मिमिक्री से देता है धोखा



**ऑक्टोपस एक** समुद्री जंतु है। यह अपनी त्वचा का रंग और बनावट बदलने में माहिर होता है। यह मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया में, विशेषकर इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के पास के समुद्रों में पाया जाता है। ऑक्टोपस इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के उथले, रेतीले और कीचड़ भरे पानी में रहने वाला एक अनूठा समुद्री जंतु है, जो 15 से अधिक समुद्री जीवों की मिमिक्री यानी नकल करने की क्षमता रखता है। कलाकार प्रकृति का यह ऑक्टोपस समुद्र के अन्य खतरनाक जंतुओं जैसे लॉयन फिश या समुद्री सांपों की नकल कर लेता है। यह अपनी एक्टिंग इस आधार पर चुनता है कि सामने कौन-सा शिकारी है, ताकि उसे डरा सके। इस तरह शिकारी को धोखा देकर अपनी जान बचा लेता है। *

## एंग्लर फिश टॉर्चनुमा अंग देता है चकमा

**एंग्लर फिश** मुख्य रूप से अटलांटिक और अंटार्कटिक महासागरों के बहुत गहरे और ठंडे पानी में पाई जाती है। यह मछली समुद्र की सतह से लगभग 600 मीटर से लेकर 8,370 मीटर (27,500 फीट से अधिक) की गहराई में रहती है। एंग्लर फिश दुनिया के सबसे अंधेरे और गहरे समुद्री इलाकों में रहने वाली एक रहस्यमयी मछली है। गहरे समुद्र के अंधेरे में रहने वाली इस मछली के सिर पर एक चमकता हुआ टॉर्चनुमा अंग होता है। छोटी मछलियां जब इस रोशनी को भोजन समझकर पास आती हैं, तब एंग्लर फिश तुरंत उन्हें निगल लेती है। *



## फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाकर चुराता है खाना

**फोर्क-टेल्ड** ड्रोंगो पक्षी, मुख्य रूप से अफ्रीका में सहारा मरुस्थल के दक्षिण में पाया जाता है। यह पक्षी खुले घास के मैदानों, झाड़ियों और हल्के घने वनों में रहता है। यह पक्षी अपनी गहरी कटी हुई पूंछ और निडर स्वभाव के लिए जाना जाता है। फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो दूसरे जानवरों, जैसे कि मीयरकैट्स के खतरे वाली आवाजों की नकल करता है। जब मीयरकैट्स अपना खाना जुटा लेते हैं, तो ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाता है। डर के मारे मीयरकैट्स अपना खाना छोड़कर भाग जाते हैं और फिर ड्रोंगो उसे चुराकर अपना पेट भर लेता है। *



छोटी कहानी

एक ठग ने अपने तोते को बस एक शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। इस शब्द के जरिए ठग ने एक युवक को ऐसा मूर्ख बनाया कि बेचारा हजार अशर्फियां गंवा बैठा। पढ़ो, बहुत ही मजेदार कहानी।

# ठग का तोता


एआई इमेज

एक ठग के पास एक तोता था। उसने उसे सिर्फ एक ही शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। वह उस तोते के साथ एक गांव में आया। रात को उसने एक जगह एक छोटे से बक्से में सोने के सिक्के भरकर गाड़ दिए। अगले दिन वह फिर तोते के साथ वहां पहुंचा और उससे बातें करने लगा। उत्सुकतावश लोग वहां इकट्ठा होने लगे।

ठग ने तोते से पूछा, 'क्या तुम मुझे गड़े खजाने का पता बता सकते हो?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने रात वाली जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'अगर मैं वहां खोदूं तो क्या खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने खुदाई की तो लोग देखकर हैरान रह गए कि वहां वाकई खजाना निकला। यह सब देखकर एक लालची युवक ने उस ठग से पूछा, 'क्या वह तोता बेचेगा?'

ठग बोला, 'हां, बेच सकता हूं, लेकिन एक हजार अशर्फियों से कम नहीं लूंगा।'

युवक ने तोते का इतना अधिक दाम सुनकर पूछा, 'इतना ज्यादा?'

ठग बोला, 'तुम तोते से पूछ लो।'

युवक ने तोते से पूछा, 'क्या तुम इस लायक हो कि तुम्हारे लिए एक हजार अशर्फियां दी जाएं?'

तोते ने झट से उत्तर दिया, 'यकीनन।' युवक ने उस तोते को खरीद लिया। एक हजार अशर्फियां लेकर ठग अपने रास्ते चला गया।

युवक ने घर आकर तोते से पूछा, 'मुझे कहां खजाना मिलेगा?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसकी समझ में कुछ नहीं आया तो उसने एक जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'क्या वहां खोदने पर खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

युवक ने खोदा तो वहां कुछ नहीं निकला। वह तोते के पास आया और बोला, 'तुमने झूठ क्यों बोला?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

ऐसे ही हर सवाल का जवाब जब उसे एक ही शब्द 'यकीनन' में मिला तो वह झुंझलाकर बोला, 'मैं क्या बेवकूफ हूं, जो तुम्हें एक हजार अशर्फियों में खरीदा?'

तोता फिर से बोल पड़ा- यकीनन।

ठग की चालाकी और अपने लालच, बेवकूफी की वजह से वह युवक यकीनन मूर्ख बन चुका था। *

**प्रस्तुतिः एफएमएन**

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

# अप्रैल फूल

दिवस प्रथम अप्रैल आ गया
जब हंसता-सा भाई,
भालू जी ने नंदन-वन में
यह योजना बनाई!
गीदड़, लोमड़, शेर सभी को
संदेशा भिजवाया,
जंगल में मंगल करने को
समारोह रखवाया!
नियत जगह पर आ पहुंचे थे
बन-ठन प्राणी सारे,
मगर न कोई तैयारी थी
चकित हुए मन मारे!
देख सभी का सिर चकराया
चतुर लोमड़ी बोली,
आज प्रथम अप्रैल सुनो जी
मेरे सब हमजोली!
लौट के बुद्धू घर को आए
कहा-हो गई भूल,
एक साथ ही सभी जानवर
बने अप्रैल फूल!


एआई इमेज

## बूझो तो जानें



1
मैं पूरब से चलता हूं,
दिनभर आग उगलता हूं।
शाम ढले छिप जाता हूं,
रात में नहीं निकलता हूं।

2
न तन सुंदर न गोरी
छौंक में आऊं काम,
सब्जी-दाल में डाली जाऊं
बूझो मेरा नाम।

3
चार अक्षर का नाम है,
कटे पे आऊं काम।
रंग श्वेत होता मेरा,
अधिक न मेरा दाम।

-वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1.सूरज, 2. हींग, 3. फिटकरी

## जीके क्विज-198



1. वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026 में किस देश को पहला स्थान दिया गया है?
2. साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 (हिंदी भाषा के लिए) किन्हें प्रदान किया जाएगा?
3. विश्व स्वास्थ्य दिवस कब मनाया जाता है?
4. हाल में नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
5. जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर कौन थे?
6. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
7. दिसपुर किस राज्य की राजधानी है?
8. अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?
9. एक वयस्क मनुष्य में सामान्यत: कितने दांत पाए जाते हैं?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?



**बच्चो, जीके क्विज-198 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-197 का उत्तर:** 1.चंडीगढ़, 2.यूएसए, मैक्सिको, कनाडा, 3.असम, 4.मयंक चक्रवती, 5.महात्मा गांधी, 6.एम.एस. स्वामीनाथन, 7. 27 मार्च, 8.ऑक्सीजन, 9.अलेक्जेंडर फ्लेमिंग, 10.महाराष्ट्र

**जीके क्विज-197 का सही उत्तर देने वाले:** अनुभव-राजनांदगांव, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कविता-रायपुर, कुसुम-दुर्ग, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, संकेत-बालोद, अंकित-रायगढ़, सूरज-महेंद्रगढ़, प्रिया-दिल्ली, जतिन-कांकेर, सुमन-दुर्ग



कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

रोहित का अपने दादा जी से रिश्ता एकदम दोस्त जैसा था। दोनों एक-दूसरे के साथ खूब हंसी-मजाक करते थे। रोहित ने पहली अप्रैल को अपने दादा जी को अप्रैल फूल बनाने को सोची। लेकिन दादा जी ने ऐसा चकमा दिया कि रोहित खुद ही अप्रैल फूल बन गया।

# अप्रैल फूल बनाया!



इन दिनों रोहित बहुत खुश था। खुश इसलिए क्योंकि उसके दादा जी गांव से उसके पास यहां, रायपुर जो आए हुए थे। पांचवीं कक्षा की उसकी परीक्षाएं खत्म हो चुकी थीं। इन दिनों उसके स्कूल में छुट्टियां थीं। दादा जी और रोहित में उम्र का बहुत बड़ा फासला था लेकिन दोनों के बीच दोस्तों जैसा रिश्ता था। वे दोनों आपस में खूब हंसी-मजाक और चुहल करते रहते।

एक दिन रोहित के दिमाग में आया कि क्यों न दादा जी को पहली अप्रैल को अप्रैल फूल बनाया जाए। ऐसा करने के लिए वह कोई तरकीब सोचने लगा। थोड़ा सोचने पर उसे एक तरकीब सूझ गई।

दादा जी सुबह जल्दी उठ जाते थे, फिर नहा-धोकर तैयार होकर पार्क में सैर करने जाते थे। पार्क में सैर करने के लिए आने वाले अशोक जी से उनकी दोस्ती हो गई थी। वे दोनों हर रोज साथ में ही सैर किया करते थे। रोहित ने योजना बनाई कि पहली अप्रैल की सुबह दादा जी को कह देगा कि अशोक अंकल ने फोन पर बताया है कि आज वे पार्क में नहीं जाएंगे, बल्कि दादा जी से मिलने घर आएंगे। रोहित ने सोचा कि ऐसा कहने पर दादा जी सैर करने नहीं जाएंगे और अशोक अंकल का इंतजार करते हुए घर में ही रहेंगे। इस तरह दादा जी अप्रैल फूल बन जाएंगे।

दादा जी रोहित के कमरे में ही सोते थे। इकतीस मार्च की रात को सोने से पहले रोहित ने दादा जी के मोबाइल फोन पर सुबह पांच बजे का अलार्म लगा दिया ताकि वह पहली अप्रैल की सुबह दादा जी से अशोक अंकल वाली बात कह सके। अगली सुबह अलार्म बजने पर रोहित की नींद खुली तो उसने देखा कि दादा जी अभी सो रहे हैं। वह दादा जी के जागने का इंतजार करने लगा। कुछ देर बाद जैसे ही दादा जी जागे, रोहित ने अशोक जी के आज सुबह घर में आने की बात उन्हें बता दी। सुनकर दादा जी ने पूछा, 'तुम्हें यह कैसे पता है?' रोहित ने बताया, 'दादा जी, कल रात को अशोक अंकल ने लैंडलाइन फोन पर कॉल कर सूचित किया था। आपके मोबाइल फोन पर उनकी बात हो नहीं पा रही थी। यह सब कल रात को आपको बताना मैं भूल गया था।'

'तो ठीक है, मैं आज पार्क नहीं जाता। अशोक जी के आने से पहले नहा-धोकर तैयार हो जाता हूं।' कहकर दादा जी कमरे से निकल कर आंगन में बने बाथरूम में चले गए। रोहित को लगा कि उसकी योजना सफल हो रही है। वह निश्चिंत होकर बिस्तर में लेट गया। कुछ ही देर में उसे नींद आ गई।

थोड़ी देर बाद उसकी नींद खुली तो वह उठकर आंगन में गया। उसने देखा कि दादा जी का तौलिया आंगन में लगी रस्सी पर नहीं है और बाथरूम का दरवाजा बंद है। वह समझ गया कि दादा जी बाथरूम में नहा रहे हैं। रोहित आंगन में एक कुर्सी पर बैठ कर दादा जी के बाथरूम से बाहर आने का इंतजार करने लगा ताकि उन्हें देखते ही 'अप्रैल फूल बनाया!' कह सके, मगर बहुत वक्त बीत जाने पर भी दादा जी बाहर नहीं आए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि आज दादा जी इतनी देर तक क्यों नहा रहे हैं? आखिर उससे रहा न गया और वह मम्मी-पापा के कमरे की तरफ चल पड़ा। कमरे में पापा कुर्सी पर बैठे अखबार पढ़ रहे थे। वह पापा से दादा जी के बारे में बात करना ही चाहता था कि तभी दरवाजे की घंटी बजी। पापा उठकर दरवाजा खोलने गए तो वह उनके साथ हो लिया। पापा ने दरवाजा खोला तो सामने दादा जी खड़े थे। 'पिता जी, आ गए आप सैर करके?' पापा ने दादा जी से पूछा। 'हां, बेटा।' कहते हुए दादा जी घर के अंदर आ गए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि दादा जी बाहर से कैसे आ रहे हैं। उसके हिसाब से तो दादा जी को बाथरूम में होना चाहिए था। उसने हैरानी से दादा जी की ओर देखा, वह हंसते हुए बोले, 'अप्रैल फूल बनाया..!' 'पर दादा जी, आप तो बाथरूम में थे न!' रोहित में हैरानी से पूछा। 'बेटा, बाथरूम में कोई नहीं था। बस यह जताने के लिए कि मैं बाथरूम के अंदर हूं, नहाने के बाद मैंने अपना तौलिया बाथरूम के अंदर ही रहने दिया था, आंगन में रस्सी पर नहीं फैलाया था और बाथरूम का दरवाजा बंद करके सैर करने चला गया था। जाने से पहले तुम्हारे मम्मी-पापा को सारी बात मैंने बता दी थी। तुम मुझे अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में हो, इस बात का अंदाजा मुझे तभी हो गया था, जब कल रात तुमने मेरे फोन में सुबह पांच बजे का अलार्म लगाया था। तुम तो सुबह इतनी जल्दी कभी उठते नहीं हो और सुबह उठने के लिए मुझे अलार्म की जरूरत होती ही नहीं। आज सुबह अलार्म बजने से पहले ही मेरी नींद खुल चुकी थी और मैं सोने का नाटक कर रहा था। एक बात और सुन लो, अशोक जी तो इन दिनों रायपुर में हैं ही नहीं। वे तो किसी काम से भोपाल गए हैं।' दादा जी मुस्कुराते हुए सारी बात बता रहे थे और रोहित सुन रहा था। दादा जी को अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में खुद वही अप्रैल फूल बन गया था। *

तुम्हारे लिए किताब / समीर गांगुली

# आओ, नाटक खेलें

बच्चो, पिछले दिनों एक अच्छी किताब पढ़ी। जिसे पढ़कर लगा कि इसके बारे में तुम लोगों को जरूर बताना चाहिए। यह किताब नाटक की है, लेकिन इसमें कोई नाटक नहीं है, बल्कि इस बारे में है कि तुम लोग कैसे नाटक बना कर उसे खेल सकते हो?

उमा आनंद लिखित 'आओ, नाटक खेलें' नाम की यह किताब पहली बार 1971 में प्रकाशित हुई थी। अब तक इसकी चौंतीस आवृत्तियां आ चुकी हैं, जो बताती है कि यह किताब कितनी लोकप्रिय है। इसमें कहानी-कहानी में रोचक तरीके से और एक पेशेवर नाटक निर्देशक के जरिए नाटक के सभी अंगों जैसे-पात्र, परिवेश, रंगमंच व्यवस्था, वस्त्र-सज्जा, सामग्री व्यवस्था, रिहर्सल, दर्शकों तक पहुंचने और नाटक के चयन की जानकारी दी गई है। बच्चो, तुम जब इस किताब को पढ़ोगे तो पता चल जाएगा कि कोई नाटक कैसे तैयार होता है? फिर इस कहानी के पात्र दीपक, डीडो, पारो और टप्पो की तरह तुम भी अपनी कॉलोनी या स्कूल में कोई नाटक खेल सकते हो। नाटक की अपने तरह की इस अनूठी किताब को पढ़कर तुम्हें भी लगेगा 'वाह! यह किताब कितनी अच्छी है। नाटक के बारे में बहुत सरल और रोचक ढंग से जानकारी देती है।' तो तुम भी यह रोचक किताब मंगवाकर पढ़ो। नाटक से संबंधित बारीकियां सीखो, खुद नाटक खेलो और वाहवाही पाओ। *




**किताब:** आओ, नाटक खेलें, **लेखक:** उमा आनंद, **अनुवादक:** बलराज पंडित, **मूल्य:** 55 रुपए, **प्रकाशक:** नेशनल बुक ट्रस्ट, भारत

## रंग भरो-198

**रंग भरो-198** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




ईशानी, बिलासपुर


प्रत्यूषा, राजनांदगांव


प्रणीका, बिलासपुर


आदित्य, खैरागढ़


शिफा, महासमुंद


समृद्धि, शहडोल

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

काशवी-रायपुर, प्रभु-कोरबा, प्रगति-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, हिमांशु-राजनांदगांव, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सर्वेश-कोरबा, कुसुम-बलौदा बाजार

## रंग भरो 199



बच्चो, यहां अप्रैल फूल-डे से रिलेटेड प्रैंक-ट्वॉय का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

*सरसों की खरीद कल से और गेहूं की एक अप्रैल से होगी, प्रशासन का सभी तैयारियों का दावा*

# अनाजमंडी में पहुंचने लगी सरसों व जौ की फसल, टिन शेड का निर्माण अधूरा




झज्जर। नमी को कम करने के उद्देश्य से अनाजमंडी में धूप में सुखाई गई सरसों की फसल, अनाज मंडी परिसर में जौ की ढेरी पर बैठे बंदर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ सरसों की सरकारी खरीद 6200 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी

सरकार द्वारा शनिवार से सरसों की खरीद शुरू की जाएगी जबकि गेहूं फसल की खरीद का कार्य आगामी एक अप्रैल से शुरू होगा। लेकिन किसान अनाज मंडी में अभी से सरसों व जौ की फसल लेकर पहुंच रहे हैं। सरसों की सरकारी खरीद 6200 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी। जबकि गेहूं का एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल रहेगा। अनाजमंडी आढ़ती यूनियन के पूर्व प्रधान चांद पहलवान ने बताया कि आढ़तियों द्वारा किसानों की जौ की फसल खरीदी जा रही है जिसे 1900 रुपये से 2000 रुपये प्रति क्विंटल तक के मूल्य पर खरीदा जा रहा है। मंडी में अभी तक करीब 500 क्विंटल फसल आ चुकी है। उन्होंने बताया कि कुछ किसान सरसों की फसल लेकर भी अनाजमंडी पहुंचने लगे हैं। लेकिन अभी उनका रुख नजफगढ़ या फर्रुखनगर की ओर है जहां के आढ़तियों द्वारा 6500 रुपये प्रति क्विंटल तक सरसों की खरीद की जा रही है। दूसरी ओर, व्यवस्थाओं की बात करें तो मंडी में अभी टिन शेड का निर्माण चल ही रहा है, जबकि सीजन शुरू होने वाला है।

आढ़ती चांद पहलवान ने बताया कि उनके पास जिला प्रशासन के निर्देश मिले हैं कि वे फसल बेचने से पहले उसमें नमी की जांच कर लें। सरसों में आठ प्रतिशत से अधिक तथा गेहूं में बारह प्रतिशत से अधिक नमी पाई जाती है तो इस प्रकार की फसल की खरीद नहीं की जाएगी। इसलिए किसानों को भी चाहिए वे अपनी फसलों की नमी को ध्यान में रखते हुए फसल को मंडी लेकर पहुंचे। नमी की मात्रा को कम करने के लिए उनके द्वारा भी सरसों की फसल को धूप लगाई जा रही है।

### टिन शेड निर्माण जल्द करवाएं

मंडी आढ़तियों ने बताया कि फसल खरीद कार्य को लेकर जिला प्रशासन सजग है। अनाजमंडी में साफ-सफाई व लाइटों का प्रबंध किया जा चुका है। फसल के सुरक्षित रख-रखाव को लेकर टिन शेड का विस्तार किया जा रहा है। पहले लगी टिन जर्जर होने के कारण नई शेड डाली जा रही है। लेकिन टिन शेड डालने की गति धीमी है। फसल खरीद कार्य शनिवार से शुरू हो जाएगा लेकिन टिन शेड डालने का कार्य अभी तक करीब पचास फीसदी पहुंचा है। मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन को चाहिए कि वह टिन शेड निर्माण में तेजी लाकर कार्य को समय पर पूरा कराए।

# मां जगदंबा मंदिर के सामने श्रद्धालुओं में बांटा कढ़ी और चावल का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

श्री दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष्य में शहर के पुराना बस स्टैंड रोड स्थित मां जगदम्बा मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। निर्माण सेवा समिति सदस्य भारत महिवाल ने बताया कि पूर्व रात्रि महिलाओं द्वारा भजनों के माध्यम से जहां महामाई की महिमा का गुणगान किया गया। वीरवार की सुबह कंजक पूजन के उपरांत विधिवत रूप से कढ़ी-चावल व हलवे का प्रसाद श्रद्धालुओं व राहगीरों में वितरित किया गया। प्रातः करीब ग्यारह बजे शुरू हुआ यह भंडार शाम करीब पांच बजे तक चला जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



झज्जर। श्रद्धालुओं में कढ़ी–चावल का प्रसाद वितरित करते हुए आयोजक समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस मौके पर समिति प्रधान राजपाल, जाटव समाज प्रधान कपिल कुमार, ओमप्रकाश खेड़ा, मनीष खेड़ा, महेश कुमार, धर्मेंद्र महिवाल, श्यामा देवी, निर्मला, सरोज, चंद्रावल, करुणा, कुसुम, रेखा, लक्ष्मी, नीलम, पूनम, बबीता, मीनाक्षी, खुशी, सुमित, राहुल, लक्षित, कुलदीप, मिहिर, पुष्कर,जागृत, प्रदीप, भास्कर,जसविंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक राजेंद्र जून ने गैस किल्लत पर उठाए सवाल

बहादुरगढ़। पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने प्रदेश में जारी रसोई गैस किल्लत को लेकर भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। यह



किल्लत सरकार की विफल नीतियों का परिणाम है, जिसका खामियाजा आम जनता भुगत रही है। राजेंद्र सिंह जून ने आरोप लगाया कि लोग सुबह से ही गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों में खड़े होने को मजबूर हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे। सरकार एक ओर गैस आपूर्ति को पूरी तरह सुचारू बताने का दावा कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।

# उद्यमियों व ग्रामीणों ने कट खोलने की मांग की



बहादुरगढ़। किसान चौक पर लगाकर बंद किया गया कट। फोटो : हरिभूमि

■ कट बंद होने से वाहन चालकों को आगे यू-टर्न लेने के लिए पांच से छह किलोमीटर तक अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नेशनल हाइवे पर किसान चौक के पास कट बंद किए जाने से न केवल वाहन चालक परेशान हैं, बल्कि उद्यमियों तथा आसपास रहने वाले ग्रामीणों को भी परेशानी हो रही है। कट खुलवाने की मांग लगातार तेज हो रही है। इसी कड़ी में अब बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने जिला उपायुक्त, पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त और एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कट को जल्द खोलने की मांग की है। ज्ञापन में उद्यमियों ने कहा है कि सड़क सुरक्षा बैठक में लिए गए निर्णय के तहत किसान चौक के इस कट को बंद किया गया था, लेकिन इसके बाद क्षेत्र में अव्यवस्थित और असुरक्षित यातायात की स्थिति पैदा हो गई है। कट बंद होने से वाहन चालकों को आगे यू-टर्न लेने के लिए पांच से छह किलोमीटर तक अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। इस कारण समय और ईंधन दोनों की बर्बादी हो रही है। लंबा चक्कर बचाने के लिए कई वाहन चालक गलत दिशा में वाहन चला रहे हैं और डिवाइडर कूद रहे हैं। वहीं कुछ स्थानों पर लोगों द्वारा अवैध कट भी बना लिए गए हैं, जिनकी वजह हादसे की आशंका बनी रहती है।

फुटपाथ पर गड्ढे खोदकर गलत दिशा में आवागमन रोकने का प्रयास किया गया था, लेकिन लोगों ने बाद में उन गड्ढों को फिर से भर दिया, जिससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया।

किसान चौक के आसपास औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर-16, 17 और 4B स्थित हैं। वहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में कर्मचारी, कारोबारी और वाहन चालकों का आवागमन होता है। ऐसे में यह कट बंद रहने से ट्रैफिक दबाव और दुर्घटना की आशंका दोनों लगातार बढ़ रही हैं। किसान चौक का कट जल्द खोला जाए और वहां पुलिस की नियमित तैनाती की जाए, ताकि यातायात को नियंत्रित और सुरक्षित रखा जा सके।

# खेतों से मोटर व केबल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की

क्षेत्र में हो रही चोरी की वारदातों में किसानों को निशाना बनाया जा रहा है। कहीं खेतों में लगे ट्यूबवेल की मोटर चोरी हो रही है तो कहीं से सबमर्सिबल की केबल व अन्या समान चोरी किया जा रहा है। चोरी की एक घटना में तो किसान के ट्रैक्टर को चोरी का प्रयास तक किया गया है। इससे किसानों को परेशानी आ रही है। यदि बीते एक पखवाड़े की बात की जाए तो चिमनी गांव से मोटर, झाड़ली के खेतों में केबल अन्य सामान तथा भिंडावास में ट्रैक्टर चोरी के प्रयास मामले सामने आए हैं। चिमनी निवासी पीड़ित किसान संजीत ने बताया कि जब वह बुधवार को खेत में पहुंचा तो वहां ट्यूबवेल से थ्री फेस की मोटर गायब थी। उसने अपने स्तर पर पता लगाने का प्रयास भी किया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। इसी प्रकार बीती 24 मार्च को झाड़ली निवासी किसान नरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके खेत से सबमर्सिबल की थ्री फेस की करीब 70 फुट केबल, 1 टी और 1 बैड और 1 पाइप चोरी हुआ है। इनके अलावा बीती बारह मार्च को पुलिस को दी शिकायत में भिंडावास निवासी कुलदीप ने बताया था कि वह जब 11 मार्च की रात घर पर सो रहा था तो रात करीब बारह बजे जब उसने कुछ आहट सुनी। कुलदीप के अनुसार उसने देखा कि एक व्यक्ति उसके ट्रैक्टर को चाबी लगा कर उसे चोरी करने का प्रयास कर रहा है। जब उसने शोर मचाया तो वह व्यक्ति दीवार फांद करने भाग लगा। पुलिस फिलहाल शिकायत के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में ला रही है। किसान संगठनों द्वारा आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

# राजा परीक्षित व शुकदेव की कथा सुनाई

■ मुख्य यजमान के रूप में पूर्व पार्षद गुरदेव सिंह राठी ने सह परिवार शिरकत की

बहादुरगढ़। जटवाड़ा मोहल्ला स्थित तीन शक्ति मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के तीसरे दिन वीरवार को कथा व्यास राधेश्याम शास्त्री जी महाराज ने राजा परीक्षित जन्म और शुकदेव भगवान के आगमन की कथा सुनाई। इस दौरान मुख्य यजमान के रूप में पूर्व पार्षद गुरदेव सिंह राठी ने सह परिवार शिरकत की। श्री हरि हर सेवा समिति के प्रबंधक जयभगवान सैनी, प्रधान गोविंद राणा, कैशियर मोहित, पवन राणा, सन्नी व त्रिलोक राणा आदि ने पूर्व पार्षद गुरदेव सिंह राठी को सम्मानित किया। कथा व्यास राधेश्याम शास्त्री जी महाराज ने कहा कि कलयुग के प्रभाव से वेद व्यास द्वारा रचित भागवत कथा सुनकर शुकदेव का उत्थान हो गया। राजा परीक्षित ने सात दिन भागवत सुनकर अपना उद्धार कर लिया। उसी तरह प्रत्येक व्यक्ति को भागवत का महत्व समझना चाहिए। भागवत अमृत रूपी कलश है। जिसका रसपान करके आदमी अपने जीवन को कृतार्थ कर लेता है। इसलिए जहां भी भागवत होती है। मनुष्य जीवन आदमी को बार-बार नहीं मिलता है, इसलिए इस कलयुग में दया धर्म भगवान के स्मरण से ही सारी योनियों को पार करता है। मनुष्य जीवन का महत्व समझते हुए भगवान की भक्ति में अधिक से अधिक समय देना चाहिए। कथा में सुनाए गए भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।



बहादुरगढ़। पूर्व पार्षद गुरदेव राठी को सम्मानित करते समिति पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# सीईओ इंजीनियर मनीष राव होंगे रूस के चीफ गेस्ट

■ अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग के क्षेत्र में उपलब्धि दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए,रूस की प्रतिष्ठित नेशनल रिसर्च मोर्डोविया स्टेट यूनिवर्सिटी एमआरएसयू ने आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजीनियर मनीष राव को बतौर ग्लोबल चीफ गेस्ट एक विशेष निमंत्रण भेजा है। यह निमंत्रण दोनों संस्थानों के बीच बढ़ते शैक्षिक संबंधों और आपसी सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक प्रमाण है। यह निमंत्रण इसी साल सात जनवरी को हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक के बाद आया है, जिसमें दोनों संस्थानों के बीच भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की गई थी। रेक्टर दिमित्री ग्लुश्को ने अपने पत्र में आरपीएस ग्रुप की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभाशाली छात्रों को तैयार करने और उन्हें वैश्विक मंच तक पहुंचाने में ग्रुप का योगदान सराहनीय है। यूनिवर्सिटी के रेक्टर, दिमित्री ग्लुश्को द्वारा प्रेषित इन आधिकारिक पत्रों में न केवल इन्जीनियर मनीष राव को विश्वविद्यालय में एक ग्लोबल चीफ गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया है, बल्कि आरपीएस ग्रुप के दो मेधावी छात्रों के लिए भी बड़ी घोषणा की गई है।



महेंद्रगढ़। रेक्टर दिमित्री ग्लुश्को से हाथ मिलाते मनीष राव।

### सीधे प्रवेश की पेशकश की

विश्वविद्यालय ने आरपीएस ग्रुप के उत्कृष्ट छात्रों भव्या गुणवाल स्वर्ण पदक विजेता, आईजेएसओ-2025 और आदीश जैन स्वर्ण पदक विजेता, आईजेएसओ- 2026) को सीधे प्रवेश की पेशकश की है। इन छात्रों की अंतरराष्ट्रीय मंच पर असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देते हुए, विश्वविद्यालय उन्हें 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप और स्टाइपेंड प्रदान करेगा।

# बिजली दरें नहीं बढ़ने से उद्योग जगत को होगा लाभ



प्रवीण गर्ग, विपिन बजाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ आगामी वित्त वर्ष के लिए एचईआरसी ने नहीं किया बिजली दरों में कोई बदलाव

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज का दावा है कि चैंबर ऑफ हरियाणा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (चिया) द्वारा दाखिल सामूहिक याचिका के परिणामस्वरूप हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग ने वित्त वर्ष 2026–27 के लिए बिजली दरों में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला लिया है। इस निर्णय से हरियाणा के 83 लाख से अधिक उपभोक्ता लाभांवित होंगे। विपिन बजाज ने बताया कि 8 जनवरी को पंचकूला के बाद गुरुग्राम, पानीपत, हिसार और यमुनानगर में भी सार्वजनिक सुनवाई के दौरान सभी वर्गों के उपभोक्ताओं ने बिजली दर बढ़ाने का कड़ा विरोध किया था।इसके चलते आयोग ने राजस्व को संतुलित रखते हुए वसूली में सुधार, बकाया प्रबंधन, बिजली खरीद के अनुकूलन और नुकसान में कमी पर जोर दिया। उनके अनुसार दोनों डिस्कॉम को लगभग 44 सौ करोड़ रुपए के राजस्व घाटे के अनुमान के बावजूद उपभोक्ताओं पर कोई अतिरिक्त भार नहीं डाला गया है। आयोग ने बिजली क्षेत्र में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए हैं। हरियाणा पावर परचेज सेंटर के पुनर्गठन और सुदृढ़ीकरण पर फोकस रहेगा। पीक और ऑफ-पीक मांग के बीच अंतर के मद्देनजर मांग पक्ष प्रबंधन उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। डिस्कॉम को सर्किल स्तर के बजाय फीडर स्तर पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

### एक सकारात्मक कदम माना जा रहा

कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने बताया कि कोबी उपाध्यक्ष विपिन बजाज द्वारा इस मामले में निरंतर प्रयास किए गए। जिसके फलस्वरूप 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाली बिजली की नई दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। यह निर्णय उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता याचिकाओं पर विस्तृत सुनवाई के बाद लिया गया है। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग के अनुसार यह फैसला राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। इससे उन उद्योगों को फायदा होगा जिनका बिजली शुल्क के रूप में होने वाला खर्च दशकों से हर साल लगातार बढ़ता जा रहा था। व्यापारियों, निर्माताओं, छोटे व्यवसायों और परिवारों के लिए यह बेहद जरूरी राहत है, खासकर तब जब पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण पूरी दुनिया ऊर्जा संकट बना हुआ है।

**डॉ. संजय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के विशेषज्ञों ने जांच के बाद दिया परामर्श**

# विहिप के शिविर में 232 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

### पौष्टिक भोजन लेने व स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने के लिए जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राम नवमी के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा डॉ. संजय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के सहयोग से वीरवार को वेदांत नगर स्थित लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 232 लोगों का स्वास्थ्य जांचा और उन्हें उचित परामर्श भी दिया।विहिप के प्रांतीय कोषाध्यक्ष यशपाल गांधी शिविर में मुख्यातिथि रहे। जिलाध्यक्ष राकेश भारद्वाज ने अध्यक्षता की। संजीव शर्मा, सत्येंद्र दहिया, स्कूल संचालक मुकेश वशिष्ठ व प्राचार्य ज्योति कौशिक विशेष रूप से मौजूद रहे। कैंप में डॉ. संजय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के निदेशक एवं वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुणा शर्मा, नेत्र रोग कंसलटेंट डॉ. रमन तुली, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन मलिक, डॉ. सचिन जांगड़ा व डॉ. मानसी आदि ने शिविर में 232 लोगों का स्वास्थ्य जांचा। डॉ. संजय सिंह ने बताया कि कुछ लोगों को जोड़ों व घुटनों में दर्द, चलने-फिरने या उठने-बैठने में दिक्कत थी। कुछ में कैल्शियम की कमी भी मिली। कई महिलाएं खून की कमी से ग्रस्त मिली। उन्हें पौष्टिक भोजन लेने व स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने के लिए जागरूक किया गया। इस बदलते मौसम में अतिरिक्त ध्यान देने की सलाह दी। शिविर में ईसीजी, ब्लड शुगर, एचबी समेत कई जांच की गई और उन्हें मुफ्त दवाइयां दी गई।




बहादुरगढ़। कैंप में एक महिला की जांच करते डॉ. संजय सिंह। फोटो : हरिभूमि

# वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचडी स्कूल साल्हावास में द्वितीय चरण के दौरान दूसरी से पांचवीं कक्षा तक की वार्षिक परीक्षा के परिणामों की घोषणा की गई।

उत्कृष्ट अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले होनहार विद्यार्थियों को आकर्षक इनाम देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने मुख्यातिथि व सचिव विशाल नेहा व हेमंत ने विशिष्टातिथि के रूप में शिरकत की। कक्षा स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों व पांचवीं कक्षा की छात्रा मिहिका को एकल नृत्य, चौथी कक्षा के दिव्यांशु को पेड़ बचाओ विषय पर प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया। इनके अलावा योग की उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों व उनकी कोच कोमल को प्रोत्साहन राशि से नवाजा गया। उप-प्राचार्या नीलम कुमारी ने वार्षिक परीक्षा परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि दूसरी कक्षा के 156 विद्यार्थियों में से 64 ने, तीसरी कक्षा के 180 विद्यार्थियों में से 48 ने, चौथी कक्षा के 119 विद्यार्थियों में से 43 ने और पांचवीं कक्षा के 162 विद्यार्थियों में से 47 ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

**खबर संक्षेप**


बहादुरगढ़। डीआईजी विजय देशवाल को बधाई देते विधायक राजेश जून।

### डीआईजी विजय देशवाल का किया अभिनंदन

**बहादुरगढ़।** गांव जसौर खेड़ी निवासी विजय देशवाल आईटीबीपी में डीआईजी के रूप में सेवारत हैं। भारत सरकार द्वारा उन्हें 26 जनवारी को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वीरवार को गांव जसौर खेड़ी में उनका अभिनंदन किया गया। विधायक राजेश जून व चेयरपर्सन सरोज राठी समेत अन्य गणमान्य नागरिकों ने उनका स्वागत करते हुए बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान डीआईजी विजय देशवाल ने बताया कि उनके पिता हैडमास्टर उमेद सिंह देशवाल को बेहतरीन सेवाओं के लिए वर्ष 1989 में राष्ट्रपति आर वेंकटरमन द्वारा सम्मानित किया गया था।

### मांडोठी में हुए दशोटन समारोह में उमड़े लोग

**बहादुरगढ़।** गांव मांडोठी में देवांस दलाल के जन्म उपलक्ष्य में आयोजित कुआं पूजन समारोह में देश व प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से दलाल वंश के लोग पहुंचे। विधायक राजेश जून ने भी दशोटन कार्यक्रम में शिरकत कर प्रसाद ग्रहण किया। लख्खू पहलवान द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजित कार्यक्रम में विधायक राजेश जून समेत तमाम अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। विधायक राजेश जून ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। समारोह में 36 बिरादरी की सरदारी व दलाल वंश के लोगों ने पहुंचकर बहादुरगढ़ का गौरव बढ़ाया है।

### बेरी मेले में आयोजित महायज्ञ में बढ़-चढ़कर आहुति डाल रहे श्रद्धालु

# विश्व शांति और शुद्ध वातावरण के लिए महायज्ञ जरूरी: बड़ौली

वसुधैव कुटुंबकम की भावना को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण प्रयास: भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

धर्मनगरी बेरी में माता भीमेश्वरी देवी मंदिर के साथ लगते बाबा बुद्धपुरी पार्क में चल रहे तीन दिवसीय विश्व शांति महायज्ञ के दूसरे दिन माता के दर्शन के लिए आ रहे श्रद्धालुओं ने हवन में बढ़-चढ़कर आहुति डाली। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने महायज्ञ में भाग लेकर आहुति डालकर सर्वमंगल की कामना की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन


झज्जर। महायज्ञ में भाग लेते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, साथ में है पुलिस आयुक्त डॉ. राजश्री सिंह। फोटो : हरिभूमि

लाल बड़ौली ने कहा कि इस प्रकार के महायज्ञ वैश्विक शांति, वातावरण को शुद्ध करने, नकारात्मकता को दूर करने और मानवता के कल्याण की कामना के लिए लाभकारी हैं। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि महायज्ञ के माध्यम से समाज में भाईचारे, प्रेम और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश जाएगा। इसके उपरांत भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंडित बिजेंद्र कौशिक के निधन पर शोक जताने उनके निवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। वहीं पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने कहा कि यह एक सार्थक प्रयास है। विश्व शांति महायज्ञ के माध्यम से आध्यात्मिक मूल्यों को लोक सेवा के साथ एकीकृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए कहा कि समाज में सच्ची शांति केवल सुरक्षा से ही नहीं, बल्कि आंतरिक सद्भाव से भी उत्पन्न होती है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि व नप झज्जर चेयरमैन जिले सिंह सैनी सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। मां भीमेश्वरी देवी के दर्शनों के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

## मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नत

*मेले में नवविवाहित जोड़ों ने माता के दरबार में गठजोड़े की जात दी, बच्चों का मुंडन भी करवाया*

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

बेरी के प्रसिद्ध मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने का जो सिलसिला बुधवार सायं से शुरू हुआ वह बृहस्पतिवार को अष्टमी के दिन दोपहर तक जारी रहा। मां के दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं ने बिना किसी परेशानी को महसूस किए मां के दर्शनों के लिए घंटों इंतजार करते हुए माता के दर्शन किए और अपने परिवार की सुख स्मृद्धि की कामना की।

अष्टमी पर बाहर के मंदिर में जब मां की प्रतिमा लाई गई तो पूरा मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंज उठा। मां के अंदर के मंदिर से बाहर के मंदिर में प्रतिमा लाने की जिम्मेदारी कड़ी सुरक्षा के साथ निभाई गई। पूरे रास्ते में मां के जयकारे गूंजते रहे। इसके बाद मां के दर्शनार्थ हजारों की संख्या में श्रद्धालु निरंतर जयघोष के साथ मंदिर तक बढ़ते रहे। मां भीमेश्वरी के मंदिर में यह क्रम दोपहर तक जारी रहा। इस मेले में निर्विध्न शांति से संपन्न होने से प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है।


झज्जर। मां भीमेश्वरी देवी की प्रतिमा।

### विधि-विधान से श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

अष्टमी पर्व पर दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां भीमेश्वरी देवी के दरबार मे माथा टेककर मन्नतें मांगी। वहीं नवविवाहित जोड़ों ने माता के दरबार में गठजोड़े की जात दी। लोगों ने अपने नवजात बच्चों का मुंडन भी करवाया। प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था व सुविधाओं की दृष्टि से बेरी मेले को विभिन्न क्षेत्रों में बांटा गया था। बरसों से चली आ रही परंपरानुसार अष्टमी के दिन मां भीमेश्वरी देवी की प्रतिमा को सुबह दो बजे बाहर वाले मंदिर मे लाया गया। अष्टमी के लिए मंदिर के पुजारी ने मत्रोच्चारण के बीच मंगला आरती करवाई।


झज्जर। माता मंदिर परिसर में उपस्थित स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

### दिव्यांग और बुजुर्गों को व्हीलचेयर पर दर्शन करा स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

**झज्जर।** स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन की यूथ रेडक्रास यूनिट के स्वयंसेवकों द्वारा बेरी पहुंच कर दो दिनों तक मां भीमेश्वरी देवी मेले में श्रमदान किया। उन्होंने जिला प्रशासन के साथ मिलकर मेले पहुंचे श्रद्धालुओं को व्यवस्था व अनुशासन बनाने के लिए प्रेरित किया। यूथ रेडक्रास यूनिट टीम के इंचार्ज दीपक सैनी ने बताया कि स्वयंसेवकों द्वारा बुजुर्गों और दिव्यांगों को व्हीलचेयर के माध्यम से माता के दर्शन कराने में भी सहयोग दिया। स्वयंसेवकों ने जल सेवा करते हुए श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाया।

## मेले में कानूनी हेल्प डेस्क पर जानकारी लेने जुटे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

धर्मनगरी बेरी में चल रहे माता भीमेश्वरी देवी नवरात्र मेले के दौरान एक हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने माता दर्शन उपरांत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्थापित स्टाल पर कानूनी जानकारी ली। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल ने बताया कि इस हेल्प डेस्क के माध्यम से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को विभिन्न कानूनी अधिकारों और योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि एक हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं की जानकारी लेने में रुचि दिखाई। उन्होंने बताया कि स्टाल पर विशेष रूप से राष्ट्रीय लोक अदालत, स्थायी लोक अदालत, सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र, निःशुल्क कानूनी सहायता और अन्य विधिक सेवाओं के बारे में सरल भाषा में समझाया गया है।



झज्जर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लगाए गए स्टॉल पर योजनाओं की जानकारी देते हुए पीएलवी। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। गांव खेड़ी जसौर में मानसी का सम्मान करते विधायक राजेश जून।

### विधायक ने किया मानसी को सम्मानित

**बहादुरगढ़।** यूपीएससी की परीक्षा में 852वीं रैंक हासिल करने पर गांव खेड़ी जसौर में मानसी का सम्मान किया गया। विधायक राजेश जून ने भी गांव खेड़ी जसौर के अंबेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में मानसी का स्वागत व सम्मान किया। विधायक राजेश जून ने कहा कि मानसी की उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। मानसी की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि क्षेत्र के युवा किसी भी स्तर पर देश में अपनी पहचान बना सकते हैं। आज बहादुरगढ़ क्षेत्र के बच्चे यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा पास कर देश सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने मानसी के माता-पिता को भी इस सफलता का श्रेय देते हुए उनके संस्कारों और मार्गदर्शन की सराहना की। राजेश जून ने क्षेत्र के बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें मानसी से सीख लेकर अपने जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना और उसे हासिल करने तक निरंतर मेहनत व अभ्यास जारी रखना चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## संपादित पुस्तक भारतीय ज्ञान परंपरा का किया लोकार्पण

*दार्शनिक, सांस्कृतिक व अनुप्रयुक्त आयामों का बहुआयामी विश्लेषण किया*

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में एक कार्यक्रम के दौरान एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र सिंह द्वारा संपादित पुस्तक भारतीय ज्ञान परंपरा का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर सतवीर सिंह ने की जबकि मुख्यातिथि के रूप में एमडीयू के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर इंद्रजीत उपस्थित रहे।

संपादक डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रस्तुत पुस्तक 22 शोधपरक अध्यायों का सुविचारित संकलन है, जिसमें भारतीय ज्ञान परंपरा के दार्शनिक, सांस्कृतिक एवं अनुप्रयुक्त आयामों का बहुआयामी विश्लेषण किया गया है। इसमें सूत्र-परम्परा की संरचना, वेदों की ज्ञानमीमांसीय भूमिका, गुरुकुल प्रणाली, बौद्ध एवं भक्ति परंपराओं की मानवतावादी दृष्टि तथा स्त्री-विमर्श के माध्यम से ज्ञान की समावेशी प्रकृति को रेखांकित किया गया है। साथ ही डॉक्टर आंबेडकर के ज्ञानमीमांसीय पुनर्निर्माण, वैश्वीकरण में भारतीय ज्ञान प्रणाली की प्रासंगिकता, पारंपरिक जल प्रबंधन, सतत विकास, मौखिक परंपरा, लोक-संस्कृति तथा अनुष्ठानों की भूमिका पर गंभीर विमर्श प्रस्तुत करते हुए यह कृति प्रकृति-सामंजस्य एवं सामाजिक संतुलन को प्रतिपादित करती है।

पुस्तक का लोकार्पण करते हुए प्राचार्य डॉक्टर सतवीर सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हमारे शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों की सुदृढ़ आधारशिला है, जो समग्र एवं संतुलित विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने इसे युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने वाला सेतु बताया।



झज्जर। पुस्तक का लोकार्पण करते हुए शिक्षक एवं अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## अष्टमी पर कन्या पूजन के उपरांत करवाया भोजन

**नवरात्र के आठवें दिन भक्तों ने मंदिरों में मां महागौरी के दर्शन किए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के मंदिरों में वीरवार को काफी भीड़ रही। सुबह देवी भक्तों ने अष्टमी पर मां के दर्शन किए और कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया। नवरात्र के आठवें दिन भक्तों ने मंदिरों में मां महागौरी के दर्शन किए। कई स्थानों पर मां का जगराता भी हुआ। वीरवार तड़के ही कंजकों को जिमाने का सिलसिला शुरू हुआ और दोपहर तक भंडारे और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा। सुबह से ही भक्तों की भीड़ मंदिरों में उमड़ी। देवी दर्शन करने के बाद भक्तों ने कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया और उनसे परिवार की सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। कई स्थानों पर भक्तों ने माता का जगराता किया। भक्तिगीतों से मंदिरों के आसपास का माहौल भी भक्तिमय हो गया। दुर्गा मंदिर, मुरली मनोहर मंदिर, देवी मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, रघुनाथ मंदिर, बालाजी मंदिर व राधा-कृष्ण मंदिर आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और उल्लास के साथ मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के दर्शन किए और प्रसाद चढ़ाया। पंडित महेंद्र शर्मा ने कहा कि मातृशक्ति का सम्मान और पूजन सिर्फ नवरात्रों में नहीं वरन हर दिन करने का संकल्प लेना चाहिए। शिक्षाविद सतीश शर्मा ने कहा कि कन्या पूजन वास्तव में बेटियों के सम्मान का उत्सव है। हमें बालिकाओं के विकास एवं शिक्षा के लिए यथासंभव प्रयास करने का संकल्प लेना होगा।


बहादुरगढ़। अष्टमी के अवसर पर पूजन के बाद भोजन करती कन्याएं। फोटो : हरिभूमि

## कन्याओं को भोजन कराने के उपरांत उपहार भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शहर में श्रद्धालुओं ने श्री दुर्गा अष्टमी पर्व को बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाया। नवरात्र में व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने महागौरी की पूजा अर्चना कर अपना व्रत खोला।

वहीं, मंदिरों में माता की पूजा अर्चना की गई। मां के जयकारों से मंदिर गूंजते रहे। लोगों ने कन्याओं को देवी का रूप मानकर उन्हें भोजन कराने के उपरांत उपहार भेंट किए। पंडित गुलशन शर्मा ने बताया कि नवरात्र में नौ देवियों की पूजा का विधान है।

नवरात्र में श्रद्धापूर्वक दान व व्रत करने से मां की विशेष कृपा प्राप्त होती है और मनोकामना भी पूर्ण होती है। कन्या पूजन ही साक्षात मां की पूजा है।


झज्जर। कन्या पूजन के उपरांत भोजन करते हुए कंजक।

## संस्कारम यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता चार से

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

संस्कारम विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज द्वारा 4 व 5 अप्रैल को मास्टर दयानंद प्रथम राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने बताया कि यह प्रतियोगिता देशभर के विधि महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान करेगी, जहां वे अपने विधिक ज्ञान, तर्कशक्ति और न्यायालयीन प्रस्तुतीकरण कौशल का प्रभावी प्रदर्शन कर सकेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को न्यायालय की वास्तविक प्रक्रिया से परिचित कराना है, ताकि वे विधिक अनुसंधान, ड्राफ्टिंग और पेशेवर नैतिकता की गहराई को समझ सकें।

प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से अनेक प्रतिष्ठित विधि संस्थानों की टीमें भाग लेंगी। अब तक 40 से अधिक टीमें पंजीकरण



झज्जर। संस्कारम विश्वविद्यालय की फाइल फोटो। फोटो : हरिभूमि

चुकी हैं जिनमें मुख्य रूप से नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज, दिल्ली विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय आदि शामिल हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों एवं प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा। विवि के वाइस चांसलर प्रोफेसर गुरुदियाल सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के साथ साथ संस्कारम यूनिवर्सिटी को राष्ट्रीय स्तर पर एक सशक्त पहचान भी दिलाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्रोफेसर अवनिका, संयोजिका जसरीत, विद्यार्थी संदीप और प्रियंका का योगदान सराहनीय है।

## नेशनल गेम्स में परमानंद मलिक ने जीते तीन मेडल

*हैमर थ्रो, डिस्कस थ्रो में गोल्ड व जैवलिन में ब्रांज मेडल जीता*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

दिल्ली में हुए मास्टर नेशनल गेम्स में बहादुरगढ़ के परमानंद मलिक छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए मलिक ने 75 से अधिक उम्र वर्ग में खेलते हुए डिस्कस व हैमर थ्रो में गोल्ड मेडल जीते, जबकि जैवलिन थ्रो में ब्रांज मेडल जीता।



मलिक की जीत पर परिजनों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है। जीतकर लौटने पर उनका खेल प्रेमियों ने अभिनंदन किया। दिल्ली पुलिस से सेवानिवृत्त करीब 79 वर्षीय परमानंद मलिक पिछले कई दशकों से खेलों में भाग ले रहे हैं। मलिक के मुताबिक, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब तक 330 मेडल जीत चुके हैं। बीते दिनों पंजाब में हुए 45वें नेशनल गेम्स में भी उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था। मलिक का कहना है कि खेलों से उन्हें उर्जा मिलती है। जब तक शरीर में जान है, वह खेलते रहेंगे। उन्होंने युवाओं से भी नशे से दूर रहकर खेलों में उर्जा लगाने की अपील की है।